NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र



संपर्क– अंक 4.। अर्थात चल निकली गाड़ी पटरी पर। आपसे संपर्क बनाये रखने और आपको सभी के सम्पर्क में रखने की यह राह अब हमवार हो चली है। हम संस्था स्तर पर हुये कार्यक्रमो तथा अन्य महत्वपूर्ण बातों से आपको 'संपर्क' द्वारा अवगत कराने का प्रयास करते रहेगें। आप से भी, हमारा अनुरोध है, हम तक वो सभी बातें पहुँचाते रहिये जो आप एनआईसीटी परिवार तक पहुँचाना चाहते हैं। यह माध्यम आपके लिये भी है क्योंकि ''संपर्क'' केवल हमारा ही नहीं आपका भी है। हमारे इस प्रयास के बारे में भी आपके विचारों का स्वागत है।

शुभकामनाओं के साथ, सादर

आपका अपना

**अख़तर क़िदवाई**

**(उपाध्यक्ष–एनआईसीटी)**

## राजस्थान

24 जुलाई 2014 को जयपुर में समस्त चैनल पार्टनर के लिये एक कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसका संचालन एनआईसीटी इंदौर से आये श्री संजीव चौधरी, श्री संजय वर्मा, श्री रामकुमार शर्मा व श्री युगदीप सिंह हपावत (राजस्थान–एसपीएम) ने किया।







## हरियाणा



23 जुलाई 2014 को चंडीगढ़ में ''स्टेट बैंक ऑफ पटियाला'' के जी.एम. श्री वैंकटनारायण व श्री धाकड (डीजीएम) के साथ मीटिंग करते हरियाणा के स्टेट प्रोजेस्ट मैनेजर श्री राहुल शर्मा।



## असम



गोवहाटी में एनआईसीटी द्वारा दिनांक 17 जुलाई 2014 को एसडीपी के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन श्री संजय वर्मा (नेशनल सेल्स हेड) द्वारा किया गया।





NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

## बिहार

एनआईसीटी के पटना क्षेत्रीय कार्यालय में बीडीएम के लिये एक कार्यशाला का आयोजन दिनांक 18 जुलाई 2014 को किया गया।









पटना ऑफिस में एनआईसीटी द्वारा दिनांक 19 जुलाई 2014 को समस्त सीपीओ (चैनल पार्टनर) की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## गुजरात



''बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक'' के महाप्रबंधक श्री बी. पानीग्रही के साथ मुख्य शाखा में एनआईसीटी के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर श्री कृणाल शाह दिनांक 19 जुलाई 2014 को एक बैठक करते हुये।





जिला बनासकांठा  में दिनांक 29 जून 2014 को एनआईसीटी के नये चैनल पार्टनर श्री भारतकुमार कान्तीलाल पटेल ने अपने कार्य की शुरूवात एक कार्यक्रम के द्वारा की व अन्य सेवाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

## उत्तर प्रदेश




एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र शुरू

एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरुआत

12 जुलाई 2014 को इलाहाबाद के राजरूपपुर में एनआईसीटी द्वारा एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क में शून्य शेष बचत खाता, मनरेगा, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, स्कालरशिप खाते, जननी सुरक्षा, एफडीआर, मनी ट्रांसफर, कोर बैंकिंग के खातो में नगदी जमा करना, बीमा आदि सेवाएं प्रदान की जायेगी। इस कियोस्क का उद्घाटन शाखा प्रबंधक श्री सुरेन्द्र कुमार भारती ने किया व इसके संचालक श्री सुधाकर प्रसाद है।

एनआईसीटी के लखनऊ कार्यालय में दिनांक 21 जुलाई 14 को समस्त बीडीएम के प्रशिक्षण व ट्रेनिंग के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया व 22 जुलाई 14 को सीपी कार्यशाला की गयी। जिसका संचालन श्री संजीव चौधरी, श्री संजय वर्मा व श्री रामकुमार शर्मा द्वारा किया गया व साथ में स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर श्री आकाश रस्तोगी उपस्थित रहे।

**बीडीएम कार्यशाला**







**चैनल पार्टनर कार्यशाला**







# कर्नाटक

18 जुलाई 2014 को जिला वेलगाम में एनआईसीटी द्वारा एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया।

18 जुलाई 2014 को एनआईसीटी द्वारा जिला बीजापुर की तहसील सिन्दाडी स्थित विजय नगर में एसबीआई के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया, जिसका उद्‌घाटन संबंधित शाखा के श्री पी.के. नंदयालकर द्वारा किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री सूर्यकान्त बिरादर है।








''स्टेट बैंक ऑफ मैसूर'' द्वारा दिनांक 18 जुलाई 2014 को जिला चामराजनगर, मैसूर (संभाग) में बिज़नस कोरेस्पोंडेंट को प्रोत्साहन देने के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरबीआई अधिकारी, एसबीआई (एजीएम,एफआई) व एनआईसीटी से स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अर्जुन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।




मैसूर में दिनांक 19 जुलाई 2014 को एसडीपी की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एसबीआई के आरबीओ उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में जिसमें मन्डया, हस्सान, चामराजनगर आदि स्थानों से एसडीपी ने अपनी उपस्थिति दी। यहाँ श्री के. बी. भास्करय्या (बैंकिंग एडवाइजर), श्री अर्जुन सिंह चौहान (टैरेटरी मैनेजर), श्री रघुनन्दन (बीडीएम– मैसूर डिविजन) आदि लोगों ने ट्रेनिंग दी।

## जिला प्रबंधको के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला आयोजित

22 जुलाई 2014 को एनआईसीटी के सीएससी कार्यालय इंदौर में सेल्स डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (डीएम) के प्रशिक्षण के लिये एक कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें उपलब्ध योजनाओं के बारे में बताया गया कि किस तरह इन योजनाओं को उपयुक्त व्यक्ति तक पहुँचाया जाये।

उपस्थित जिला प्रबंधको को अपने क्षेत्र के शासकीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने को कहा गया, ताकि योजनाओं को सुचारू रूप से चलाया जा सके।

कार्यशाला में उपस्थित पन्द्रह डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को कुछ निर्देश भी दिये गये जिसमें प्रोजेक्ट सेल करना, कियोस्क पर निगरानी रखना, प्रत्येक जिले में 100 कियोस्क की संख्या रखना, संबंधित ग्राम में सौ प्रतिशत खाते खोलना, तकनिकी जानकारी, अनुशासन, व्यवस्थित कार्यशौली में कार्यों को करना आदि बातें रहीं। इसके अलावा सीएससी प्रोजेक्ट, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, ब्रोकिंग एवं इन्श्योरेंस, नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक, आईआरसीटीसी, मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं ली., आदि विभागों से संबंधित जानकारी दी गयी।

इस कार्यशाला में श्री मकरंद भागवत (जीएम–एनआईसीटी), श्री अनिल उपाध्याय (नेशनल हेड) श्री दीपेश दुबे (प्रोजेक्ट मैनेजर–सीएससी) ने कार्यो की समीक्षा के साथ–साथ दिशा निर्देश भी दिये।

### सीपी और सीएसपी के कार्यों की समीक्षा व ट्रेनिंग

दिनांक 18 जुलाई 2014 को जिला बैतूल के होटल रिमून में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री सचिन माधुर (बीडीएम, भोपाल) श्री अमित पंचारिया (एनआईसीटी, इंदौर) श्री रोविन्द्र गडकरी (सीएम, एफआई भोपाल) श्री विजय कुरील (एफआई इंचार्ज, आरबीओ–6) श्री डीसी अग्रवाल (आरएम, आरबीओ–6) आदि उपस्थित रहे।





### कियोस्क ऑपरेटर कार्यशाला का आयोजन

दमोह और पन्ना जिलो के सीपी और समस्त सीएसपी के लिये दिनांक 15 जुलाई 2014 को ''कियोस्क ऑपरेटर कार्यशाला'' का आयोजन दमोह में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि में श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी (आरबीओ, दमोह) रहे, जिन्होने सभी को तकनीकि जानकारी देने के साथ–साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले कियोस्क संचालको को पुरस्कृत भी किया। कार्यशाला का संचालन श्री अमित चौहान (एनआईसीटी, इंदौर) श्री लेखराज कुमावत व श्री सुरेन्द्र असाटी द्वारा किया गया।





## कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर में दिनांक 17 जुलाई 2014 को सीएसपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त सीएसपी को कार्य की तकनिकी जानकारी के साथ ट्रेनिंग भी दी गयी। जिसमें मुख्य अतिथि श्री राजेश श्रीवास्तव आरबीओ (एफआई इंचार्ज) व श्री अमित पंचारिया (ट्रेनिंग हेड) ने समस्याओं को सुना व उनके निराकरण हेतु सुझाव दिये।







## शिवपुरी के चैनल पार्टनर श्री प्राहुल भट्ट ने सराहनीय कार्य करते हुये सीएसपी कार्यशाला का सफलता पूर्वक आयोजन किया

19 जुलाई 2014 को सीएसपी के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक श्री प्राहुल भट्ट व बीडीएम श्री देवेश पाण्डे ने समस्त सीएसपीओं को इन्श्योनेंस, ब्रोकिंग, प्रान कार्ड, पेन कार्ड से संबंधित जानकारी दी और साथ में कार्य प्रगति के लिये मुख्य चर्चा भी की, जिसे सभी सीएसपी ने आने वाले समय में पूरा करने का विश्वास दिया। इस कार्यशाला का आयोजन होटल सनराइस, शिवपुरी (जिला) मे किया गया।





